## संक्षिप्त

### नवनियुक्त कलक्टर का स्वागत

**भरतपुर, (निस)।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा भरतपुर द्वारा भरतपुर में नवनियुक्त जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी गुर्जर का जिला अध्यक्ष श्रीराम चन्देला के नेतृत्व में साफा, माला व भगवान देवनारायण की तस्वीर भेंट कर ससम्मान स्वागत किया गया। कलक्टर द्वारा वक्त सम्मान गुर्जर समाज को अच्छा महत्व दिया गया। इस मौके पर जिला कलक्टर द्वारा समाज के पिछड़े लोगों को जागरूक कर जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिये महासभा को सुझाव दिया गया। स्वागत करते समय अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के निम्न पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग जिनमें यदुनाथ दारापुरिया, घनसुन्दर दारापुरिया, गोविंद सिंह एडवोकेट, रामस्वरूप कपरौली, विजय सिंह भाटी, राजेन्द्र माढौनी, भीमसिंह पहलवान, सोनू गुर्जर इत्यादि उपस्थित रहे।

### 8000 ठंडे पानी के पाउच बांटे

**भरतपुर (निस)।** अलायंस क्लब भरतपुर प्रान्त 120एन भरतपुर द्वारा "प्यास सेवा दी" के संस्थापक एवं अलायंस के प्रान्तपाल ओंकार सिंह संधु के संयोजन व पास्ट इन्टरनेशनल डायरेक्टर राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में रेल्वे स्टेशन पर पानी के ठंडे पाउच यात्रियों को देकर प्यास बुझाने का कार्यक्रम किया। संयोजक ओंकार सिंह संधु ने बताया कि आज 8000 पाउचों से सेवा की जा रही है।
इस कार्य में जल वितरण में ओंकार सिंह संधु, हरेन्द्र कुमार शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, सुरेन्द्र गर्ग, अशोक कुमार, आर.एस. गुप्ता, इन्दुसघैन गुलाठी, करतार सिंह, मोहित शर्मा, आशु कुमारी, प्राची कुमारी, देवी सिंह, रूचि खंडेलवाल आदि स्वेच्छिक सेवायें प्रतिदिन वितरण में दे रहे हैं।

### कपडे, किताबें और खिलौने किए जा रहे एकत्रित

**गंगापुर सिटी ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत एक विशेष संग्रहण अभियान चल रहा है। नगर परिषद् की टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र के बारे में जानकारी दे रही है। नगर परिषद् की टीम घर-घर जाकर लोगों से पुरानी वस्तुएं एकत्र कर रही है। इनमें पुराने कपडे, किताबें और बच्चों के खिलौने शामिल हैं। एकत्र की गई सभी वस्तुएं मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र को सौंपी जाएंगी। जरूरतमंद लोग इन वस्तुओं को केंद्र से प्राप्त कर सकेंगे। टीम ने वार्ड नंबर 12 शास्त्री नगर का दौरा किया। वहां निवासियों को केंद्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। स्थानीय लोगों ने अपने घरों से पुराने कपडे और किताबें दान में दीं।
फोटो-6-गंगापुर सिटी। एक घर से पुराने कपडे एकत्रित करते कार्यकर्ता।

### महिला मण्डल कार्यकारिणी की घोषणा

**गंगापुर सिटी।** जिला अग्रवाल समाज संघ ने महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिलाध्यक्ष गोविंद प्रसाद बरनाला के नेतृत्व में हुई नियुक्तियों में रेखा गर्ग को जिला अध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक पद पर गंगापुर सिटी से सरोज गर्ग और सवाई माधोपुर से सुनीता जैन को चुना गया। सोनिका गोयल को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिला उपाध्यक्ष के रूप में गंगापुर सिटी से चंचल गुप्ता और बोली से मंजू गोयल को मनोनीत किया गया। सवाई माधोपुर की सुनीता अग्रवाल जिला महामंत्री बनीं। गंगापुर से रजनीश सिंघल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अनामिका सिंघल को जिला प्रचार मंत्री और कृष्णा गुप्ता को जिला संगठन मंत्री बनाया गया। रजनी सिंघल को जिला सांस्कृतिक मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। तहसील स्तर पर सुमन आर्य को अध्यक्ष, मिथिलेश को मंत्री और मंजू गर्ग को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष गोविन्द बरनाला, प्रचार मंत्री वेदप्रकाश मंगल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं है।

### 27, 28 और 30 जून का शिविर कार्यक्रम जारी

**भरतपुर (निस)।** राजस्व विभाग राजस्थान सरकार जयपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के तहत 27,28 और 30 जून को आयोजित होने वाले उपखण्डों की ग्राम पंचायतवार कैलेण्डर जारी किया गया है। अभियान जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित किया जाना है।

# चिकित्सा संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने पर जोर

■ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कम्यूनिटी हैल्थ ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर, पीएचएम को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया

**भरतपुर (निस)।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कम्यूनिटी हैल्थ ऑफिसर, नर्सिंग ऑफिसर, पीएचएम को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में तम्बाकू सेवन से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभावों को छोडने के उपाय एवं कोटपा -2003 की विभिन्न धाराओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

प्रशिक्षण मे सभी प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि वे सभी अपने - अपने चिकित्सा संस्थानों को तम्बाकू मुक्त चिकित्सा संस्थान के रूप में स्थापित करे। जिसके अंतर्गत संस्था प्रभारी को तम्बाकू मुक्त चिकित्सा संस्थान का बोर्ड मुख्य गेट पर लगाने हेतु निर्देशित किया। जिससे वहा आने वाले आम नागरिकों को तम्बाकू नियंत्रण से संबंधित जानकारी हो सके साथ ही संस्थान पर आने वाले तम्बाकू उपयोगकर्ता को तम्बाकू से होने वाली समस्त बीमारियों के संबंध में जानकारी देना एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर संचालित डेन्टल यूनिट्स, सैटेलाईट हॉस्पिटल एवं आरबीएम में संचालित तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केन्द्र पर भेजने हेतु निर्देशित किया।

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 गौरव कपूर ने कार्याशाला में बताया कि तम्बाकू से प्रतिवर्ष राजस्थान में 50 हजार लोग, भारत में 10 लाख लोग एवं विश्व में 60 लाख लोगो की मृत्यु तम्बाकू सेवन के कारण होती है। धूम्रपान/तम्बाकू से घातक रोग जैसे पेट, गला, मूह श्वास नली, फफडे, लीवर, आमाशय एवं रक्त का कैसर होता है। इसमें कार्सिनोजेनिक (कैसर कारक) पदार्थ पाये जाते है।

इस अवसर पर डॉ0 असित श्रीवास्तव उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। आज समाज में नई-नई युवा पीढी नशे की लत में पढ रही है जो कि बहुत ही चिन्ता का विषय हैं। आज युवा पीढी को समझना होगा कि नशा व्यक्ति को अंदर से धीरे -धीरे खोखला कर देता है एवं बिमारियों की चपेट में आ जाता हैं जिससे परिवार को सामाजिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर कर देता है।

कार्याशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरजा कुंतल, डीपीसी पुरूषोत्तम शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी एनयूएचएम ओमवीर कुंतल, ब्लड सैल प्रभारी पवन शर्मा एवं जिला आईईसी समन्वयक राममोहन जांगिड इत्यादि मौजूद रहे। कार्यशाला के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

भरतपुर (निस)। राजस्थान मंत्रालयिक अधिकारी कर्मचारी संघ सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर के तत्वावधान में संपूर्ण प्रदेश के जिलों में जिला अध्यक्ष के चुनाव संपन्न करवाने की प्रक्रिया के तहत् 26 जून को भरतपुर जिले में पदस्थापित समस्त मंत्रालयिक कार्मिकों द्वारा एक मीटिंग सा. नि.वि. कार्यालय भरतपुर में आहूत की गई जिसमें समस्त मंत्रालयिक कार्मिकों ने सर्वसम्मति से खेम सिंह सहायक प्रशासनिक अधिकारी' को जिलें का अध्यक्ष निर्वाचित किया। इस दौरान जयपुर अध्यक्ष नवल किशोर सैनी, अम्बा लाल मीणा, दयाराम चौधरी, महेन्द्र सिंह, अनिल शर्मा, नरेन्द्र कुमार, गगन बाजिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र प्रदान किया तथा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की भरतपुर जिलें के कार्मिकों ने जयपुर से आये सभी पदाधिकारीयों का साफा एवं माला पहना कर के बहुत ही जोरदार ढंग से स्वागत किया।

### छह साल से फरार दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**हिंडौन सिटी।** थाना सदर हिंडौन पुलिस ने एक बडी कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के मामले में 6 साल से फरार चल रहे वांछित आरोपी रवि कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश, जिला पुलिस अधीक्षक करौली बृजेश कुमार ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत हुई।

जानकारी के अनुसार गत 10 जून को पीड़िता ने थाना सदर हिंडौन में शिकायत दर्ज कराई कि 20 मई को दोपहर 1:30 बजे आरोपी रवि कुमार यादव ने उसके घर में घुसकर उसे डरा-धमकाकर जबरन दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, उसने घटना की वीडियो बनाकर उसे सार्वजनिक करने की धमकी दी और पिछले 6-7 सालों से लगातार उसका शारीरिक शोषण करता आ रहा था। इस मामले में थाना सदर में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान अपराध सिद्ध होने पर थानाधिकारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की।

## सार-समाचार

### सवाईमाधोपुर में कचरे के ढेर से सड़ रहे है मार्ग

**सवाई माधोपुर ।** जिला मुख्यालय पर कई जगह कचरे का ढेर लगा हुआ है जिससे गंदगी का आलम फैला रहता है। जिला मुख्यालय की साफ सफाई का जिम्मा नगर परिषद का होता है। परन्तु यहां सिर्फ जहाँ कोई वीआईपी वही साफ सफाई कराई जा रही है। अधिकारियो का काम पर कम, कमाई पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है की हम तो आदेश की प्रतीक्षा करते है ज़ब अधिकारी ही क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को लेकर कोई आदेश नहीं देंगे तो कौन करेगा साफ सफाई। बजरिया से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाले मार्ग पर गणेश मंदिर के पास और शर्मा होटल के पास नाला कचरों के ढेर से लबालब हो रखा है और इसी मार्ग से आदेश देने वाले अधिकारी तो आने वाले अथिति निकलते समय बदबू से सडे मार्ग को देख मुँह फेर लेते है। बारिश से पूर्व नगर परिषद द्वारा क्षेत्र के सभी नालो की साफ सफाई करवाई जाती है जिससे वर्षा का पानी आसानी से निकल सके। परंतु अब तक क्षेत्र में नालो की सफाई का कार्य होता नहीं दिखाई दे रहा है। बारिस हो या अन्य मौसम रोड लाईट का हाल बेहाल देखने को मिलता है। सब्जी मंडी की बात की जाये तो अतिक्रमण का ढेर लगा हुआ है जिससे निकलने वाले लोगो को असुविधा का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमण को लेकर कई बार स्थानीय विधायक डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने भी स्वयं खडे रहकर कार्यवाही करवाई परन्तु वो कहावत साबित होती है कुछ समय उजाला बाद में अंधेरा। लोग कुछ दिन आदेश की पालना करते है फिर वापस रोड पर अतिक्रमण कर लेते है और नगर परिषद के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं देकर अपनी मौज मस्ती कमाई पर ध्यान लगाये हुए है।

### ग्रामीणो ने की जिला कलेक्टर से शिकायत

**गंगापुर सिटी ।** तलावडा में तहसीलदार कमल पंचौरी की कार्यप्रणाली से क्षेत्र के लोग नाराज हैं। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, तहसीलदार पिछले 8-1० महीने में केवल 1०-15 बार ही कार्यालय आए। वह भी सिर्फ कुछ घंटों के लिए। इससे फरियादियों को बिना काम के लौटना पडता है। तहसीलदार ने गंगापुर सिटी में अपना समानांतर कार्यालय बना रखा है। वहां से चुनिंदा कर्मचारियों के माध्यम से काम चला रहे हैं। 12 जून 2०25 को राज्य सरकार की जनसुनवाई में भी तहसीलदार मौजूद नहीं थे। इस पर सामाजिक कार्यकर्ता हिम्मत सिंह ने राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ 24 जून 2०25 को तलावडा में आयोजित पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाडा शिविर में भी तहसीलदार नहीं पहुंचे। इस पर उपखंड अधिकारी गंगापुर सिटी के सामने आमजन ने नाराजगी जताई। सामाजिक कार्यकर्ता हिम्मत सिंह ने जनता की ओर से शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद तहसीलदार ने अपने अधीनस्थ गिरदावर को हिम्मत सिंह के खेतों के आसपास सरकारी जमीन पर फर्जी अतिक्रमण की रिपोर्ट बनाने का दबाव डाला। ताकि हिम्मत सिंह को झूठे मुकदमे में फंसाया जा सके। क्षेत्र के सरपंच, जनप्रतिनिधि और कर्मचारी भी तहसीलदार की कार्यशैली से परेशान हैं। कर्मचारी दबाव में या तो मौन रहते हैं या गलत काम करने को विवश होते हैं। ज्ञापन में तहसीलदार को हटाने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन पर हिम्मत सिंह राजावत, बुधराम खराना, सूरज मल, सत्येन्द्र गौतम, गोपालसिंह, गब्बर सिंह, कैलाश चक, पच्न योगी, रूपचंदा ताली, बतीलाल सहित कई लोगों के हस्ताक्षर हैं।

### एबीवीपी ने कॉलेज में किया हैल्पडेस्क का शुरू

**गंगापुर सिटी ।** राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्रों की सहायता के लिए एडमिशन हेल्प डेस्क शुरू की है। एबीवीपी के खेलो भारत जयपुर प्रांत सह संयोजक मनोज सैनी ने हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। महाविद्यालय में बीए, एमए, बीएससी सहित सभी वर्षों के एडमिशन फॉर्म 16 जून से ई-मित्र के माध्यम से भरे जा रहे हैं। छात्रों को इन फॉर्म की हार्ड कॉपी 2० जून से 5 जुलाई तक कॉलेज में जमा करनी है। एबीवीपी ने छात्रों की सुविधा के लिए यह हेल्प डेस्क लगाई है। कार्यकर्ता छात्रों के फॉर्म की जांच कर उन्हें जमा कराने में मदद कर रहे हैं। एबीवीपी नगर मंत्री सचिन गुर्जर और नगर सह मंत्री सुरेंद्र पटेल ने छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपने एडमिशन फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा करा दें। हेल्प डेस्क पर मनोज सैनी, सचिन गुर्जर, सुरेंद्र पटेल, सचिन दोई, देव गुर्जर, सोया खान सलेमपुर, लक्ष्मी नाम, विनीत खंडिप, गोलू, वीरेंद्र और रिंकू बैरवा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सालोदा रोड पर पानी भरने की समस्या को लेकर तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी ।** सालोदा मोड पर पानी भराव की समस्या को लेकर लोगो का आक्रोश फूट पडाऔर वहां के निवासियो ने तहसीलदार को ज्ञापन सौप कर जलभराव से निजात दिलाने की मांग की। वहीं पार्षदों ने भी सालोदा मोड पर नाले से पानी की निकासी न होने की समस्या को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। वार्ड 45 के पार्षद शिवलहरी मीणा और वार्ड 48 के पार्षद विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि उदेई मोड से सालौदा तक बने नाले की सफाई नहीं होने से सडक पर गंदा पानी जमा हो रहा है। ऐसे में यह समस्या आसपास के लोगों, राहगीर और वाहन ड्राइवरों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। उन्होंने बताया कि कई बार इस समस्या के समाधान की मांग की गई, लेकिन अभी तक नालो की सफाई नहीं की गई है और ड्रेनेज सिस्टम को भी सही नहीं किया गया है जिससे सडक पर जमा पानी होने के कारण लोगों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण सडक पर पानी भरने के बाद गड्ढों का पता चल नहीं चल पाता है। जिसके कारण दुर्घटना का भी अंदेशा होता है। उन्होंने कहा कि इससे कोई भी दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने तहसीलदार से नालों की पूरी तरह से सफाई करवाकर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है।

### पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दी

**करौली , (निंसं.)** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा करौली शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी की अध्यक्षता मे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर बलिदान दिवस भंवर पैलेस करौली में मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कैलाश शर्मा ने श्यामा प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा दिए गए एक राष्ट्र में दो निशान दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे और उन्होंने जम्मू कश्मीर जाकर अपना आत्म बलिदान देकर राष्ट्र की प्रति अपने समर्पण भाव को व्यक्त किया उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल,जिला महामंत्री धीरेंद्र बैंसला,जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला, करौली नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा,विद्या देवी वैष्णव,मंडल महामंत्री आशीष जैन, तेजेंद्र सिंह,नितेश,विक्की गुरु, कपिल जिंदल,धनसिंह, धर्मी,कान्हा व्यासअजीत सिंह टटबाई, जीतू शुक्ला, आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस स्टैंड में गंदगी को देख भड़के उपमुख्यमंत्री

■ करौली दौरे पर आए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री गुरुवार को वापस जयपुर लौटते समय अचानक करौली के केंद्रीय रोड बस स्टैंड पहुंचे जहां उन्होंने गंदगी और अव्यवस्था को देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की

**करौली, (निंसं.)** करौली जिला मुख्यालय पर संविधान हत्या दिवस के अवसर पर लोकतंत्र के सैनानियो के सम्मान कार्यक्रम में भाग लेने आए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने रात्रि को करौली के सर्किट हाउस में विश्राम किया गुरुवार को प्रातः उप मुख्यमंत्री बैरवा जन जन के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में पहुंचे जहां उन्होंने दर्शन लाभ लेते हुए प्रदेश में अमन चैन और खुशहाली की मनौती मांगी इस दौरान मंदिर ट्रस्ट की ओर से उनको प्रसाद और दुपट्टा भेटकर सम्मान किया वही समाजसेवी बबलू शुक्ला, सनी शर्मा, जीतू शुक्ला आदि लोगों ने भगवान मदन मोहन जी महाराज का चित्रपट्ट भेटकर सम्मान किया प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सर्किट हाउस से जयपुर जाते समय अचानक केंद्रीय रोडवेज बस स्टैंड का निरीक्षण करने पहुंच गए जहां उन्हें भारी अव्यवस्था और गंदगी के ढेर लगे दिखाई दिए उन्होने नाराजगी जाहिर करते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश दिए इसके अलावा उन्होंने बस स्टैंड परिसर में रोडवेज डिपो के यार्ड का निरीक्षण किया जहां उन्हें बंद पड़ी अन्नपूर्णा रसोई के स्थान पर अन्य लोग खाना बनाते मिले जिस पर उन्होंने जांच के निर्देश दिए वहीं प्रत्येक कक्ष का ताला खुलवाकर निरीक्षण किया एव उप मुख्यमंत्री को बसो के शीशे टूटे मिले वही उप मुख्यमंत्री जयपुर जा रही एक बस मे भी चढ गये जहा उन्होने बस मे बैठी सवारियो से सुविधाओ को लेकर चर्चा कि देखने लायक यह रहा कि उप मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री के करौली दौर के दौरान प्रोटोकॉल के हिसाब से रोडवेज का एक भी अधिकारी मौके पर उपस्थित नही था ना ही बस स्टैण्ड परिसर कि साफ सफाई कि गई इस दौरान लोगों ने रोडवेज बस स्टैण्ड संबंधी व्यवस्था में सुधार और करौली से रोडवेज डिपो के संचालन के ज्ञापन सौपे इस दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, नगर परिषद सभापति राजरानी शर्मा, लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, सुरेश शुक्ला, जयेंद्र सिंह एडवोकेट, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया,प्रहलाद सिंहल, विद्या वैष्णव सहित कई अन्य भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता साथ रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**करौली ।** विश्व स्तर पर नशीले पदार्थो के बढ़ते सेवन एवं नशे से उपजने वाले हानिकारक प्रभावो को रोकने, जनजागरूकता पैदा करने हेतु राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला मानसिक स्वास्थ्य ईकाई करौली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस का आयोजन जिला कारागृह करौली मे किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कारठाह मे आवासरत बंदियों को नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले नुकसान के वारे मे बताया। संगोष्ठी मे नशा मुक्ति विशेषज्ञ डॉ प्रेमराज मीना ने युवाओं मे तेजी से बढ़ती नशे की समस्या विशेषकर स्मैक,केमिकल का नशा के बारे मे प्रकाश डालते हुए सम्पूर्ण नशा मुक्ति हेतु पांच प्रमुख स्मार्ट तरीके जिनमे नशा मुक्ति हेतु दृढ निश्चय,नशीले पदार्थो एवं इससे जुड़े दोस्तों से दूरी,परिजनों का सकारात्मक सहयोग, मनोचिकित्सक की सलाह, और सबसे जरुरी किसी ना किसी कार्य मे व्यस्तता जरुरी है।

### लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री ने लिया भाग

**करौली, (निंसं.)** तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक, चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा, होम्योपैथी आयुष, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग एवं उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि जिले में लोकतंत्र सेनानियों का आपातकाल के दौरान महत्वपूर्ण योगदान रहा।

उपमुख्यमंत्री बुधवार को करौली कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना केन्द्र के टाउन हॉल में जिला स्तरीय लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि हम सभी को लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करते रहना चाहिए प्रदेश व देश में जनहित की विभिन्न योजनाऐं जैसे डिजिटल इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन सहित जनहित की योजनाऐं संचालित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र सेनानियों द्वारा मांगे रखी गयी जिन्हे पूर्ण करने का उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि लोकतंत्र को फिर से स्थापित करने में लोकतंत्र सेनानियों के योगदान को याद रखना चाहिए। इस दौरान लोकतंत्र सेनानी कैलाश चंद शर्मा व केसर सिंह नरूका ने आपातकाल के दौरान के अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी कैलाश चंद शर्मा, ऊधो सिंह,सुरेश चंद गुप्ता,केसर सिंह नरूका व कैलाश चंद शर्मा को उपमुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान लोकतंत्र सैनानीयो के चरण स्पर्श कर और शॉल उडाते हुए सम्मान किया कार्यक्रम के दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,सपोटरा विधायक हंसराज मीणा,हिण्डौन की पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, टोडाभीम के पूर्व विधायक रमेश चंद मीणा, नगर परिषद करौली की सभापति डॉ राजरानी शर्मा सहित जनप्रतिनिधि व बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### साहू महाराज की जयंती पर सामाजिक समता जोर

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर के उच्चौन में बहुजन समाज पार्टी के तत्तवाधान में राजर्शि छत्रपति साहू महाराज का 151वां जन्म दिवस पूरे हर्शोहल्लास के साथ श्यामा ष्याम मन्दिर में मनाया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि मोहन सिंह गूर्जर, पूर्व प्रदेष महासचिव बहुजन समाज पार्टी, राजस्थान ने अपने वक्तव्य में कहा कि 26 जुलाई 1902 को छत्रपति साहू महाराज ने अपने राज्य कोल्हापुर में पहली बार आरक्षण की व्यवस्था लागू की जिसमें दलित और पिछडे समाज के लोगों को पचास प्रतिषत आरक्षण देकर समता मूलक समाज की स्थापना की इस आरक्षण व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा परमपूज्य बाबा अम्बेडकर ने भारतीय संविधान में लागू किया। इसी मौके पर विषिष्ठ अतिथि राजवीर बैंसला ने साहू महाराज के जीवन की खूबियां गिनाते हुये जीवन षैली पर प्रकाष डाला। मीटिंग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेष धर्मपुरा ने की तथा आगामी एक माह में नदबई विधानसभा का संगठन सेक्टर व बूथ स्तर तक मय सदस्यता के सभी कार्यकर्ताओ से बनाने का आ हान किया।

### ग्राम पंचायतों में शिविरआयोजित होंगे

**करौली, (निंसं.)** नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि आज शुक्रवार 27 जून को ब्लॉक करौली की ग्राम पंचायत मांची व गुडला,ब्लॉक मासलपुर की ग्राम पंचायत पिपरानी व खुडा,उपखंड टोडाभीम की ग्राम पंचायत पदमपुरा, गोरडा व निसूरा, उपखंड हिण्डौन की ग्राम पंचायत मोठियापुरा व भंगो, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी की ग्राम पंचायत गुनसार व सनेट, उपखंड नादौती की ग्राम पंचायत गुढाचन्द्रजी, तिमावा व धौलेटा, उपखंड मण्डरायल की ग्राम पंचायत रोधई, उपखंड सपोटरा की ग्राम पंचायत बाजना, अमरगढ व अमरवाड के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को शिविरों में समय से एवं आवश्यक तैयारी के साथ उपस्थित होने के लिए दिशा प्रदान किये जा चुके है। जिनके अनुसार आपसी समन्वय से सभी विभाग कार्य कर रहे हैं। इन ग्राम पंचायतो में किया गया शिविरों का आयोजन अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि 26 जून को ब्लॉक करौली की ग्राम पंचायत रौडकलां व सैंगरपुरा, ब्लॉक मासलपुर की ग्राम पंचायत कोटा छावर व रतियापुरा, उपखंड टोडाभीम की ग्राम पंचायत नांगल मांडल व नांगल शेरपुर, उपखंड हिण्डौन की ग्राम पंचायत जगर व खीपकापुरा, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी की ग्राम पंचायत टोडूपुरा व गांवडमीना, उपखंड नादौती की ग्राम पंचायत रायसना, गढखेडा व जीतकीपुर, उपखंड मण्डरायल की ग्राम पंचायत रानीपुरा, उपखंड सपोटरा की ग्राम पंचायत इनायति, चैडागांव व औडच के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान संबंधित उपखंड अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों का निरीक्षण किया एवं इस दौरान अधिक से अधिक राज्य सरकार की योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करने के निर्देश अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये।

### सेवर पंचायत के कुम्हा गांव की स्वास्थ्य सेवाएं बनीं प्रेरणा का स्त्रोत

■ भरतपुर के गांव कुम्हा में उप स्वास्थ्य केन्द्र बनी मिसाल, शहरों को भी पीछे छोड़ा

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर जिले की सेवर पंचायत समिति के कुम्हा गांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र इस समय सुर्खियों में है। जहां अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र अव्यवस्था से जूझ रहे हैं, वहीं कुम्हा में उप स्वास्थ्य केन्द्र शहरों को भी मात दे रही है

गांव कुम्हा का उप स्वास्थ्य केन्द्र में स्वच्छता, समय पर चिकित्सा सेवाएं, और दवाइयों की उपलब्धता जैसी मूलभूत सुविधाएं बेहतरीन ढंग से उपलब्ध हैं। यहां कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और एएनएम कर्मचारी नियमित रूप से मौजूद रहते हैं और मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हैं।

गांव के ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें इलाज के लिए शहर नहीं जाना पड़ता। यहां बच्चों के टीकाकरण से लेकर गर्भवती महिलाओं से संबंधित सभी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं समय पर मिल रही हैं।

जबकि देखा जाए तो भरतपुर जैसे शहरों के अस्पतालों में अक्सर डॉक्टरों की अनुपस्थिति, दवाइयों की कमी और अव्यवस्था की शिकायतें मिलती हैं। ऐसे में कुम्हा गांव का उप स्वास्थ्य केन्द्र एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है। कुम्हा गांव उप स्वास्थ्य केन्द्र इस बात का उदाहरण है कि अगर ईमानदारी और समर्पण हो, तो सीमित संसाधनों में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकती हैं।

### जमाबंदी की नकल सौंपी

**भरतपुर (निस)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार डीग जिले में प्रतिदिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत समस्त पंचायत समिति के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे है। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने प्रत्येक शिविर में व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शिविर में आने वाले हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक सुना जाए और उनकी समस्या का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। इसके साथ ही शिविरों में कर्मचारियों की उपस्थिति, पेयजल और छाया जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। प्रतिदिन शिविरों में आम लोगों की समस्या का समाधान किया जा रहा है। खेडा ब्राह्मण में गुरुवार को आयोजित शिविर में ऐसी ही एक कहानी सामने आई।

# अहीर महासभा भरतपुर में आठ ब्लॉकों में निर्विरोध चुनाव सम्पन्न

**भरतपुर (निस)।** जिला अहीर महासभा समिति भरतपुर के जिलाध्यक्ष देवकीनंदन यादव के निर्देशानुसार निर्वाचन अधिकारियों की देखरेख में आठ ब्लॉकों में चुनाव सम्पन्न हुए, जिनमें भरतपुर शहर अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेरसिंह यादव, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमारद यादव, महामंत्री सुरेश चंद यादव, कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह यादव को बनाया गया।

भरतपुर ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमसिंह महचौली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद यादव विसदा, उपाध्यक्ष लाल सिंह पीरनगर, महामंत्री दीपक यादव हिडौंला, कोषाध्यक्ष बीरवल यादव हिडौंला को बनाया गया। ब्लॉक डीग अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष अमित कुमार यादव, महामंत्री सचिन यादव, कोषाध्यक्ष भूपेश यादव को बनाया गया, ब्लॉक पहाडी अध्यक्ष चेतराम यादव इकलहरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष यादव मातुकी, उपाध्यक्ष राहुल यादव कान्हौर, महामंत्री यादराम यादव चंदूपुरा, कोषाध्यक्ष जीतराम यादव पीपलखेडा को बनाया गया। सभी ब्लॉकों के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन अधिकारियों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

निर्वाचन अधिकारी के रूप में भरतपुर ग्रामीण में पूरन सिंह पालका, रमेश चंद एवं शहर धर्मवीर यादव महरावर, मनोज यादव ककरारा, ब्लॉक डीग में प्रकाश चंद यादव मैनेजर पीएनबी, जगदीश यादव जयश्री, ब्लॉक पहाडी में सरदार सिंह यादव, धारा सिंह यादव बेरू, अनिल कुमार यादव कांमा, हरवीर यादव अध्यापक द्वारा सकुशल सम्पन्न कराये गये। ब्लॉक कामां से अध्यक्ष हरीशचंद यादव आसूका, वरि0 उपाध्यक्ष दयाराम धिलावटी, उपाध्यक्ष रतन सिंह पथवारी, महामंत्री प्रकाशचंद मैनेजर आसूका, कोषाध्यक्ष राजपाल यादव कामां को बनाया गया। इसी क्रम में ब्लॉक नगर से अध्यक्ष परमलाल दोराला, वरि0उपाध्यक्ष जगदीश पालका, उपाध्यक्ष ऊदल सिंह बल्देववास, महामंत्री दारासिंह वेरू, कोषाध्यक्ष जगदीश गुलपाडा को बनाया गया। आगे ब्लॉक कुम्हेर के अध्यक्ष कमलसिंह यादव महरावर, वरि0उपाध्यक्ष रूपकिशोर नगला मांझी, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार महरावर, महामंत्री पुष्पेन्द्र कुमार नगला सवाईराम, कोषाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार नगला मांझी को बनाया गया। ब्लॉक नदबई में अध्यक्ष करन सिंह यादव पहरसर, वरि0उपाध्यक्ष जीत सिंह यादव पहरसर, उपाध्यक्ष मुकुट बिहारी ककराला, महामंत्री मनोज यादव पहरसर, कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार यादव ककराला को बनाया गया।

### नालों की सफाई का सभापति ने निरीक्षण किया

**गंगापुर सिटी ।** नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने थोक फल मंडी के पीछे नहर रोड स्थित नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने जलभराव की समस्या को देखते हुए सफाई शुरू करने के निर्देश दिए। सभापति ने सफाई नायकों को नालों में कचरा जमा न होने देने की हिदायत दी। कचरा फेंकने वालों की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। नहर रोड पर स्थित बाबा श्याम मंदिर की महत्ता को देखते हुए नाले की सफाई को प्राथमिकता दी जा रही है। नगर परिषद ने क्षेत्रवार टीमें गठित की हैं। ये टीमें नियमित सफाई के साथ नालों की विशेष सफाई करेंगी। नालों में कचरा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। सालौदा क्षेत्र में सडकों पर जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को स्थायी समाधान के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अभियंता तरुण जैन, संवेदक सुरेन्द्र विजयवर्गीय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।


**नाम परिवर्तन**

मैं सुमन पत्नि योगेश ठठेरा निवासी करौली तह. जिला करौली शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि मेरा सही व वास्तविक नाम सुमन है। मेरे आधार व जन आधार कार्ड में भी सुमन नाम है। लेकिन गलती से मेरी पुत्री वैष्णवी ठठेरा के स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम मीना दर्ज करवा दिया गया था। जो गलत है। उक्त गलत नाम से किसी अन्य दीगर महिला का कोई वास्ता नही है। मेरे सभी दस्तावेज में और विद्यालय रिकार्ड में सही नाम सुमन दर्ज किया जावें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मूडियॉ पंचायत समिति टोडाभीम जिला करौली**

क्रमांक:-ग्रा.पं./निविदा/2025/05 दिनांक: 25.06.2025

**निरस्तीकरण ई-निविदा सूचना 02/2025-26**

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 02 दिनांक 06.06.2025 के द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26 को अपरिहार्य (तकनीकी) कारणों के मद्देनजर निरस्त की जाती है।

Online bid no. 2025_PRD_477265_1

UBN NO. ZKR2526A0153 — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मूंडिया

UBN NO. ZKR2526GLOB00231 — सरपंच, ग्राम पंचायत मूंडिया